# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–31 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने संसद भवन में लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष दो हजार सैंतालिस तक देश की भावी पीढियां, निश्चित रूप से एक विकसित, सुदृढ, सक्षम और समृद्ध भारत बनकर उभरेंगी। श्रीमती मुर्मू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का देशभर में विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने वर्ष दो हजार चौबीस पचीस का आर्थिक सर्वेक्षण सदन में प्रस्तुत किया और इसके बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी। बजट सत्र से पहले मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उम्मीद जताई कि संसद का बजट सत्र दो हजार सैंतालिस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में नया आत्मविश्वास और ऊर्जा भरेगा। उन्होंने संसद के सभी सदस्यों से देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की अपील भी की।

**बजट सत्र में सभी सांसद विकसित भारत को मजबूती देने के लिए अपना योगदान देंगे, विशेषकर के जो युवा सांसद हैं, उनके लिए तो सुनहरा अवसर है। मैं आशा करता हूं कि हम देश की आशा, आकांक्षाओं के इस बजट सत्र में खरे उतरेंगे।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

**********

प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के आने का क्रम निरंतर जारी है। प्रदेश सरकार के अनुसार वहां तेरह जनवरी से लेकर अब तक करीब तीस करोड़ से अधिक श्रद्धालु आ चुके हैं। आगामी तीन फरवरी को बसंत पंचमी के स्नान को देखते हुए मेला प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। मेला डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन भी मेला क्षेत्र में वीआईपी मूवमेंट अलाऊ नहीं होगा।

प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार मंदार ने सोशल मीडिया पर चल रही उन सूचनाओं का खंडन किया है जिनमें कहा जा रहा है कि मार्ग परिवर्तन के कारण वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने डायवर्जन की व्यवस्था के बारे में वीडियो संदेश के जरिये जानकारी दी है।

**प्रयागराज कमिश्नरेट क्षेत्र में वाहनों का जो प्रवेश है वो डायवर्जन की स्कीम्स मात्र पीक डे मौनी अमावस्या को देखते हुए लगाई गई थी। 31 तारीख को एक तारीख को और चार तारीख को किसी प्रकार का वाहनों में कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। मात्र दो और तीन तारीख को जो कि बसंत पंचमी का स्नान होगा तो डायवर्जन की स्कीम लागू होंगी।**

**********

महाकुंभ मेला क्षेत्र में उन्तीस जनवरी को हुई दुखद घटना की जांच के लिए न्यायिक आयोग की टीम आज प्रयागराज पहुंच गई। टीम घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच कर रही है। इस घटना में तीस लोगों की मौत हो गई थी, जबकि करीब साठ लोग घायल हो गए थे। आयोग एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। वो भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपाय भी सुझाएगा।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए काशी पहुंच रहे हैं। कल करीब आठ लाख श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किये। मंदिर के सभी चारों द्वार पर श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लगी हुई है। भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने कल से निर्धारित समय से दो घंटे अधिक रात एक बजे तक मंदिर के द्वार खोले रखने का निर्णय लिया। वहीं शहर में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्र ने श्रद्धालुओं से पांच फरवरी तक दशाश्वमेध घाट की गंगा आरती में न देखने नही आने की अपील की है।

**इस समय गंगा आरती में और काशी में जो भीड़ है वह काफी ज्यादा है। गंगा आरती में भी जो भीड़ हो रही है उसकी संख्या बहुत ज्यादा है। और इसीलिए हम लोग गंगा सेवा निधि परिवार की ओर से आप सभी देशवासियों से यह अपील करते हैं कि जब तक भीड़ काफी ज्यादा है तब तक आप लोग गंगा आरती का दर्शन करने न आएं। और आप लोगों से निवेदन है कि आप लोग जो ऑनलाइन हैं वहीं से आप लोग देख कर के दर्शन कर लें।**

काशी में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर जिला और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। कई जगहों पर मार्ग भी परिवर्तित किया गया है।

**********

नेपाल राज परिवार के प्रमुख और पूर्व नरेश ज्ञानेन्द्रवीर विक्रम शाह देव ने आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। श्री देव कल शाम सड़क मार्ग से गोरखपुर पहुंचे थे।

**********